दिन–गुरुवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 18 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार ने ग्रीनफील्ड सेटेलाईट टाउनशिप के दायरे में आने वाले रैयतों को विशेष परिस्थितियों में जमीन की खरीद–बिक्री और लीज की अनुमति दी।

02. केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के दूसरे चरण के तहत दो लाख तेरह हजार से अधिक अतिरिक्त आवास को मंजूरी दी।

03. राज्य सरकार ने कहा – आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, ईडब्ल्यूएस के प्रमाण पत्र की वैधता उसे जारी करने की तिथि से एक साल तक के लिए मान्य होगी।

04. और, मौसम विभाग की आज भभुआ, रोहतास और औरंगाबाद में लू की चेतावनी। उत्तर–पूर्वी जिले अररिया, किशनगंज और सुपौल में भारी बारिश का अलर्ट।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने विकसित होने वाले ग्रीनफील्ड सेटेलाईट टाउनशिप के दायरे में आने वाले रैयतों को विशेष परिस्थितियों में जमीन की खरीद–बिक्री और लीज की अनुमति दे दी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में राज्य कैबिनेट की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि अब रैयत राज्य आवास बोर्ड को अपनी जमीन बेच सकेंगे। उन्होंने ने बताया कि राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद से अनुमोदित निजी निवेश परियोजनाओं के लिए निवेशक भी सीधे रैयतों से भूमि खरीद सकते हैं या लीज पर ले सकते हैं।

–––साउंड बाईट–––

श्री चौधरी ने बताया कि राज्य मंत्रिमंडल ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बिहार हेली–टूरिज्म और एयर–टूरिज्म सेवा योजना, दो हजार छब्बीस को मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि योजना का प्रथम चरण आगामी पन्द्रह जुलाई से अगले वर्ष पन्द्रह जनवरी तक संचालित किया जायेगा।

–––साउंड बाईट–––

श्री चौधरी ने बताया कि मंत्रिमंडल ने लद्दाख स्थित सिंधु नदी दर्शन के लिए राज्य के मूल निवासियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने संबंधी योजना को मंजूरी दी। इसके तहत तीर्थयात्रियों को यात्रा पर हुये खर्च का पचास प्रतिशत या प्रति यात्री बीस हजार रूपये, जो भी कम हो, प्रतिपूर्ति के रूप में दिया जायेगा। मंत्रिमंडल ने कला और संस्कृति विभाग के तहत बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय सह स्मृति स्तूप समिति के गठन

और इसके निबंधन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि कैबिनेट ने पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप मोड में इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को मंजूरी दी है। इसके तहत प्रदेश में पांच सौ स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे से यातायात की निगरानी की जायेगी।

———साउंड बाईट—

कैबिनेट ने कुल उनतीस प्रस्तावों को मंजूरी दी।

————————————————————————

केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना—शहरी के दूसरे चरण के तहत पात्र शहरी गरीब परिवारों के लिए दो लाख तेरह हजार से अधिक अतिरिक्त आवास को स्वीकृति दी है। नई दिल्ली में केंद्रीय स्वीकृति और निगरानी समिति की सातवीं बैठक में यह निर्णय लिया गया। योजना के अंतर्गत कुल स्वीकृत आवासों की संख्या अब सोलह लाख तेरह हजार से अधिक हो गई है। योजना में महिलाओं को मालिकाना हक दिये जाने तथा वंचित वर्गों को आवास दिये जाने को प्राथमिकता दी जा रही है।

————————————————————————

राज्य सरकार ने कहा है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, ईडब्ल्यूएस के प्रमाण पत्र की वैधता उसे जारी करने की तिथि से एक साल तक के लिए मान्य होगी। पहले इसे जारी किये जाने की तिथि से इकतीस मार्च तक इसकी वैधता समाप्त हो जाती थी। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

————————————————————————

प्रदेश के छह जिलों में बीस जून से पासपोर्ट सेवा केन्द्र काम करने लगेगा। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, पटना से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्वी चम्पारण के मोतिहारी, पश्चिम चम्पारण के बेतिया, अररिया के फारबिसगंज, गोपालगंज, सीवान और गयाजी में यह सेवा केन्द्र खोले गये हैं।

————————————————————————

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से अंचल स्तर पर चलाया जा रहा विशेष अभियान अब इक्कीस जून तक चलेगा। इसके तहत राजस्व महाअभियान के तहत प्राप्त छियालीस लाख आवेदनों के निष्पादन का लक्ष्य है।

————————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा है कि राज्य में ट्रॉमा सेन्टर की संख्या बढ़ाई जायेगी। जदयू प्रदेश मुख्यालय में जनसुनवाई के बाद संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों में नये ट्रॉमा सेन्टर खोले जायेंगे। उन्होंने

बताया कि प्रत्येक टॉल प्लाजा पर एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं।

——————————————————————————

पटना के गांधी मैदान में बिहार गृह रक्षा वाहिनी के नवनामांकित पांच हजार गृह रक्षकों का पासिंग आउट परेड आयोजित किया जायेगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी परेड की सलामी लेंगे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव तथा बिहार गृह रक्षा वाहिनी की महानिदेशक शोभा ओहटकर समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

——————————————————————————

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया पर चल रही उन खबरों का खंडन किया है जिनमें दावा किया गया है कि एथेनॉल मिश्रित ई20 पेट्रोल का इस्तेमाल करने वाले वाहनों के फ्यूल फिलर कैप के आसपास चींटियां जमा हो रही हैं। पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक यूनिट ने स्पष्ट किया है कि यह दावा झूठा है और ई20 ईंधन को चींटियों के आकर्षण से जोड़ने का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। यूनिट ने कहा है कि ई20 ईंधन में ऐसा कोई भी पदार्थ नहीं होता है जिससे चींटियां या अन्य कीड़े वाहनों के फ्यूल कैप के आसपास इकट्ठा हों।

——————————————————————————

प्रदेश में मॉनसून अब भी कमजोर बना हुआ है। हालांकि स्थानीय कारकों के प्रभाव से राज्य के उत्तर–पूर्वी, उत्तर–मध्य, दक्षिण–पूर्वी और दक्षिण–मध्य हिस्सों में कुछ जगहों पर हल्की बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के अधिकांश स्थानों का अधिकतम तापमान सामान्य से तीन से पांच डिग्री सेल्सियस ऊपर बना हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान बयालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ भभुआ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। इस बीच, मौसम विभाग ने आज भभुआ, रोहतास और औरंगाबाद में लू की चेतावनी जारी की है। वहीं, अररिया, किशनगंज और सुपौल जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट है।

——————————————————————————

मद्य निषेध, कारा और परिवहन विभाग में सिपाही तथा कक्षपाल की नियुक्ति के लिए कल आयोजित परीक्षा में सैंतीस अभ्यर्थी कदाचार में संलिप्त पाये गये। इनमें से अट्ठाईस को गिरफ्तार कर लिया गया है। केन्द्रीय चयन पर्षद सिपाही भर्त्ती से प्राप्त जानकारी के अनुसार तीस अभ्यर्थियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। सबसे अधिक दरभंगा में पांच अभ्यर्थियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी।

---

बिहार पुलिस ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद और राबड़ी देवी को तय मापदंड के अनुसार सुरक्षा दी गयी है। सोशल मीडिया पोस्ट में बिहार पुलिस ने कहा कि वर्तमान में दोनों पूर्व मुख्यमंत्रियों को अलग–अलग अंगरक्षक, आवास गार्ड, स्कॉर्ट गार्ड और पायलट के अतिरिक्त बुलेटप्रूफ वाहन उपलब्ध कराये गये हैं। इसके अलावा सादे लिबास में भी सुरक्षा कर्मी उपलब्ध कराये गये हैं।

---

भोजपुर के शाहपुर में पुलिसकर्मियों पर पिस्तौल तानने वाले युवक की पुलिस फायरिंग में मौत हो गयी है। पुलिस अधीक्षक राज ने बताया कि युवक पुलिस पर रूक–रूक कर फायरिंग कर रहा था। पुलिस ने आत्मरक्षा में फायरिंग की। इस दौरान युवक के पैर में गोली लगी। पीएमसीएच में इलाज के क्रम में युवक की मौत हो गयी। मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया जाता है।

---

बिहार के पहले उपमुख्यमंत्री बिहार विभूति अनुग्रह नारायण सिंह की आज जयंती है। इस अवसर पर बिहार विधानमंडल परिसर में आयोजित मुख्य राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शामिल होंगे। वहीं, पटना के अनुग्रह नारायण कॉलेज का स्थापना दिवस भी आज मनाया जा रहा है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उच्च शिक्षा मंत्री संजय सिंह टाईगर भी समारोह में शामिल होंगे।

---

पूर्व विधायक अम्बिका यादव का निधन हो गया। वे कैमूर जिले के रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके थे। उनके निधन पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने गहरा शोक जताया है।

---

राजगीर मलमास मेले में इस बार तीन करोड़ बयासी लाख श्रद्धालु पहुंचे। मेले की समाप्ति पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न राज्यों के साथ–साथ नेपाल से भी श्रद्धालु राजगीर पहुंचे और ब्रह्मकुंड समेत अन्य पवित्र कुंडों में आस्था की डुबकी लगायी।

---

नालंदा जिले के पावापुरी थाना क्षेत्र अन्तर्गत समवशरण मंदिर के पास एक बस में करंट दौड़ने से एक दम्पति की मौत हो गयी जबकि नौ अन्य झुलस गये। वहीं, जिले के तेल्हाड़ा थाना क्षेत्र के गंगा बीघा पुल पर एक मोटरसाईकिल और ई–रिक्शा के बीच हुई टक्कर में मोटरसाईकिल सवार तीन युवकों की मौत हो गयी।

———————————————————————————

सारण के जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने भू–अर्जन कार्यालय के निम्नवर्गीय लिपिक आकाश को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। उसे पिछले दिनों तीस हजार रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया था।

———————————————————————————

सुपौल जिले के भपटियाही थाना क्षेत्र अन्तर्गत पिपराखुर्द गांव से पुलिस ने दो लोगों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो पिस्तौल, एक मैगजीन और पांच कारतूस बरामद किये गये हैं।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने राज्यमंत्रिमंडल की बैठक में लिये गये फैसलों से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– राज्य में पीपीपी मोड पर इंटेलिजेंट ट्रैफिक सिस्टम को मंजूरी। कैमरे से पांच सौ स्थानों पर यातायात की निगरानी।

दैनिक जागरण ने लिखा है– ग्रीनफील्ड सेटेलाईट टाउनशिप क्षेत्र में जमीन खरीद–बिक्री की मिली छूट।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से लिखा है– अगले माह से हर प्रखंड के सरस्वती विद्या निकेतन में पढ़ाई।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– कॉलेजों में पढ़ाई के साथ नौकरी, बारह हजार तीन सौ का स्टाईपेंड।

राष्ट्रीय सागर के शब्द है– पटना टाउनशिप का नाम पाटलिपुत्र होगा।

आज अखबार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प के बयान को प्रमुखता देते हुये लिखा है– भारत पर हमला हुआ तो अमेरिका साथ खड़ा रहेगा।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य सरकार ने ग्रीनफील्ड सेटेलाईट टाउनशिप के दायरे में आने वाले रैयतों को विशेष परिस्थितियों में जमीन की खरीद–बिक्री और लीज की अनुमति दी।

02. केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के दूसरे चरण के तहत दो लाख तेरह हजार से अधिक अतिरिक्त आवास को मंजूरी दी।

03. राज्य सरकार ने कहा – आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, ईडब्ल्यूएस के प्रमाण पत्र की वैधता उसे जारी करने की तिथि से एक साल तक के लिए मान्य होगी।

04. और, मौसम विभाग की आज भभुआ, रोहतास और औरंगाबाद में लू की चेतावनी। उत्तर–पूर्वी जिले अररिया, किशनगंज और सुपौल में भारी बारिश का अलर्ट।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।